# जिले को इस्पात के लिए मिले 228.5 करोड़ रुपये

## ओडीओपी के तहत प्रदेश में गाजियाबाद को मिला सर्वाधिक लोन

रण संवाददाता • गाजियाबाद

उद्यमियों को स्वीकृति पत्र देते केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह • जागरण

जिले को उद्योग नगरी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हजारों करोड़ों के निवेश होने के साथ अब ओडीओपी के तहत नए उद्यमियों को सैकड़ों करोड़ रुपये का लोन देकर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिले के उद्यमियों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के तहत 228.5 करोड़ रुपये का लोन मिला है। यह आंकड़ा पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। शुक्रवार को लखनऊ और गाजियाबाद कलेक्ट्रेट सभागार में इन उद्यमियों को लोन का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया।

**पहले स्थान पर रहा गाजियाबाद :** जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के उपायुक्त वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार ने एक जिला एक उत्पाद की योजना शुरू की थी। इसके तहत हर जिले में वहां के सबसे अच्छे प्रोडक्ट को सरकार प्रोत्साहन देगी। गाजियाबाद में इस्पात का चयन किया गया था। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद पूरे प्रदेश में सबसे ऊपर है। जिले के कुल 63 उद्यमियों को इस्पात इंडस्ट्रीज के लिए 228.5 करोड़ रुपये का लोन दिया गया है। दूसरे स्थान पर नोएडा है, जहां के उद्यमियों को 160 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है। लखनऊ में शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए ओडीओपी समिट में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र देकर योजना का शुभारंभ किया। इसमें गाजियाबाद के 30 उद्यमी शामिल हुए। वहीं जिला सभागार में हुए आयोजन में केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री ने 33 उद्यमियों को स्वीकृति पत्र दिए।

**बढ़ेगा निर्यात और रोजगार :** उपायुक्त वीरेंद्र कुमार का कहना है कि गाजियाबाद की लोहामंडी देश की सबसे बड़ी इस्पात इंडस्ट्री में से एक है। इसीलिए ओडीओपी के तहत इस्पात का चयन किया गया। ओडीओपी के तहत सभी लाभार्थियों के खातों में पैसा पहुंच चुका है। जल्द ही जिले में इस्पात की 63 यूनिट और शुरू हो जाएंगी। इससे गाजियाबाद जिले में न सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि जिले से होने वाले निर्यात में भी इजाफा होगा।